

बेलगाम बदमाश : बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

कंधे में धंसा रहा चाकू, खून से लथपथ सड़क पर चलता रहा घायल, राहगीर ने बचाई जान, आरोपियों पर केस दर्ज

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. शहर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं. आए दिन सामने आ रही चाकूबाजी, कटरबाजी और मारपीट की घटनाओं के बीच एक और सनसनीखेज वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

मोतीनगर थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने एक 55 वर्षीय बुजुर्ग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. हमले में चाकू उनके बाएं कंधे में गहराई तक धंस गया, लेकिन हैरत की बात यह रही कि घायल बुजुर्ग काफी दूर तक खून से लथपथ हालत में सड़क पर चलते रहे. बाद में एक राहगीर ने मानवता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है. घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच शुरू की गई. पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है. जानकारी के अनुसार वल्लभ नगर वार्ड निवासी 55 वर्षीय घनश्याम राय भोजन करने के बाद रोजाना की तरह पैदल टहलने निकले थे. जब वे मोतीनगर क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी रास्ते में 4 से 5 युवकों ने उन्हें रोक लिया.

प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार युवकों ने घनश्याम राय से शराब पीने के लिए रुपए मांगे. बुजुर्ग द्वारा रुपए देने से इनकार किए जाने पर विवाद शुरू हो गया. कुछ ही देर में बदमाश आक्रामक हो गए और उन्होंने घनश्याम राय पर चाकू से हमला कर दिया.

जानकारी के अुनसार हमला इतना तेज था कि चाकू उनके बाएं कंधे में गहराई तक धंस गया. घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले और घायल बुजुर्ग दर्द से कराहते हुए सड़क पर अकेले छूट गए. घायल घनश्याम राय कंधे में चाकू धंसे होने के बावजूद मदद की उम्मीद में सड़क पर चलते रहे, उनके कपड़े खून से भीग चुके थे और शरीर से लगातार रक्तस्राव हो रहा था. रास्ते से गुजर रहे लोगों ने उन्हें इस हालत में देखा तो बातचीत कर पूरी घटना की जानकारी ली. इसी दौरान एक बाइक सवार युवक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल को अपनी बाइक पर बैठाया और तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया. फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. घटना के बाद घायल बुजुर्ग का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया. वीडियो में वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर चलते दिखाई दे रहे हैं. मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह के अनुसार वीडियो और प्रारंभिक जानकारी के आधार पर पुलिस टीम तत्काल अस्पताल पहुंची. घायल के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा ने बताया कि घायल व्यक्ति तत्काल थाने नहीं पहुंच सके थे, शनिवार को शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है.

अवैध कॉलोनाइजरों पर प्रशासन का शिकंजा

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लंबे समय से अपेक्षित सख्त कार्रवाई आखिरकार शुरू हो गई है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों को अब किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं मिलेगा.

जानकारी के अनुसार राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने भैंसा और पगारा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया तथा संबंधित कॉलोनाइजरों को आगे निर्माण नहीं करने की चेतावनी दी. प्रशासनिक टीम ने सबसे पहले ग्राम भैंसा में खसरा नंबर 138 पर विकसित की जा रही कॉलोनी को निशाने पर लिया. यहां एएनए बिल्डर से जुड़े सिमरजीत सिंह, आशु और अमरदीप द्वारा विकसित किए जा रहे प्रोजेक्ट में बनाई गई बाउंड्रीवॉल और अन्य निर्माणों को ध्वस्त किया गया. इसके बाद टीम ग्राम पगारा पहुंची, जहां खसरा नंबर 831 में लाल जैन द्वारा की जा रही प्लॉटिंग और कॉलोनी विकास कार्य पर रोक लगाते हुए बाउंड्रीवॉल तोड़ दी गई. अधिकारियों ने मौके पर ही निर्माण गतिविधियां बंद कराने के निर्देश दिए. जिले में संचालित उन सभी कॉलोनियों की सूची तैयार की जा रही है, जहां वैधानिक स्वीकृतियों, डायवर्सन, ले-आउट मंजूरी अथवा अन्य जरूरी अनुमतियों को लेकर सवाल हैं. हाल के वर्षों में शहर के आसपास तेजी से विकसित हुई कई कॉलोनियों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं. अधिकारियों का कहना है बिना अनुमति प्लॉटिंग और कॉलोनी विकास करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी. राजस्व विभाग के सूत्रों की मानें तो अन्य कॉलोनियों की भी जांच चल रही है.

सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. पुलिस कंट्रोल रूम, सागर में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया.

जानकारी के अनुसार समारोह में कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक श्रीमती राजेश्वरी चौहान, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक अंसार खान, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक हरि नारायण दुबे एवं प्रधान आरक्षक मनोज कुमार पाल को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई.

मासिक ध्वजवंदन आज

सागर. हर माह के अंतिम रविवार को शहर कांग्रेस सेवादल के होने वाले मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन मई माह के इस अंतिम रविवार 31 मई को जामा मस्जिद के नजदीक वरिष्ठ कांग्रेसी ऋषभ जैन के करकमलों से संपन्न होगा . कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों,युवक कांग्रेस जन, महिला कांग्रेस जन, एनएसयूआई, पार्षदों से उपस्थित होने की अपील की है.

कंजिया में 13 पंचायतों की हुई क्लस्टर बैठक

नवभारत न्यूज

बीना 30 मई. ग्राम पंचायत कंजिया में 13 ग्राम पंचायतों की क्लस्टर बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में पेयजल संकट मुख्य मुद्दा रहा.

ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं. 6 महीने से बंद पड़ी पाइपलाइन, 2 साल से नल सूखे बैठक में चांद खान आकूब खान ने बताया कि उनके मोहल्ले की पाइपलाइन से 6 महीने से पानी बंद है. वार्ड नंबर 4 के संजू विश्वकर्मा ने कहा कि उनके मोहल्ले में 2 साल से नल ही नहीं आए. वार्ड क्रमांक 1 आदिवासी बस्ती की पंच श्रीमती गुड्डी बाई और वार्ड क्रमांक 11 की श्रीमती लक्ष्मीबाई ने बताया कि तीन बार नल-टोटी लग चुकी हैं, लेकिन आज तक पानी नहीं आया. वार्ड क्रमांक 16 के सानू अली इसरार कुरैशी ने बताया कि उनके यहां भी 6 महीने से पानी नहीं आ रहा है. कंजिया के उप सरपंच ने समस्त ग्रामीणों के साथ मिलकर पेयजल की खराब स्थिति को पुरजोर तरीके से अधिकारियों के सामने रखा. बैठक में सीईओ प्रदीप पाल,राहुल आर्मो, महेंद्र शिल्पकार, भूपेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे.

फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. देवरी थाना पुलिस को शिवरात्रि जुलूस के दौरान हुए जानलेवा हमले के मामले में बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने लगभग तीन माह से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है.

जानकारी के अनुसार देवरी क्षेत्र में आयोजित शिव बारात जुलूस के दौरान जुलूस में तलवार लाने की बात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था. विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी मयंक यादव, देव उर्फ देवरा यादव एवं ओम यादव ने कार्यक्रम आयोजक अनिल उर्फ अन्ना कोष्टी पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया. घटना के दौरान आरोपी मयंक यादव ने अनिल कोष्टी पर छुरे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था. घायल को तत्काल देवरी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सागर रेफर किया गया था. विवेचना के दौरान पुलिस ने 17 वर्ष 2 माह आयु के एक नाबालिग आरोपी को 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था.

तंबाकू छोड़ने का लिया गया संकल्प

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए खेल परिसर सागर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में अधिकारियों, खिलाड़ियों एवं नागरिकों को तंबाकू से होने वाले नुकसान, बीमारियों एवं तंबाकू छोड़ने के फायदे के बारे में जानकारी दी गई. पोस्टर-बैनर के माध्यम से फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, मुंह का कैंसर, स्ट्रोक का खतरा एवं गर्भवती महिलाओं पर तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया. साथ ही तंबाकू छोड़ने से स्वस्थ फेफड़े, बेहतर स्वाद, जीवन सुरक्षित, कैंसर का खतरा कम, ऊर्जा, स्फूर्ति और लंबी आयु, परिवार जैसे लाभों की जानकारी दी गई. उपस्थित जनसमुदाय को तम्बाकू छोड़ें, स्वस्थ जीवन जोड़ें का संदेश देते हुए तंबाकू सेवन न करने का संकल्प दिलाया गया. कार्यक्रम में भजन मंडली द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित प्रेरक गीतों की प्रस्तुति भी दी गई.

पंचकल्याणक में हुई गोद भराई

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. जिले के सानोधा ग्राम में आगामी 1 जून से 6 जून तक आयोजित होने जा रहे श्री पंचकल्याणक जिनबिम्ब प्रतिष्ठा महामहोत्सव में भगवान के माता-पिता बनाने का सौभाग्य डॉ. अभय श्रीमती अनीता जैन को प्राप्त हुआ है.

पंचकल्याणक के पूर्व गोद भराई कार्यक्रम शहर के विभिन्न मंदिरों में आयोजित किया जा रहा है. वर्णी कॉलोनी में गोद भराई का कार्यक्रम नरेन्द्र रेखा जैन अहिंसा के निवास पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने माता की गोद भरी एवं पुरुषों ने भगवान के पिता बनने जा रहे डॉ. अभय जैन का सम्मान शाल, दुपट्टा माला द्वारा करके श्रीफल भेंट किया.

स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. शासकीय आयुष विंग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-10, क्रिश्चियन कॉलोनी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ.

शिविर में आंगनबाड़ी लाभार्थियों को सामान्य स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की गई. साथ ही आगामी विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में 100 दिवस काउंटडाउन की जानकारी दी गई और लाभार्थियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रोत्साहित किया गया. इस दौरान 100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान तथा निक्षय अभियान के अंतर्गत टीबी रोग के लक्षणों, कारणों, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. लाभार्थियों को टीबी से संबंधित मिथकों को दूर करने और शीघ्र जांच कराने के महत्व पर जागरूक किया गया. शिविर में कुल 89 लाभार्थियों ने भाग लिया. आयुष विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे.

समाधान शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. लाजपतपुरा वार्ड में समाजसेवी शुएब हुसैन के नेतृत्व में विशेष समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है.

शिविर में नागरिकों ने पहुंचकर आयुष्मान कार्ड ,समग्र केवाईसी, पेंशन केवाईसी संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया. कुल 58 हितग्राहियों की समग्र केवाईसी तथा 65 हितग्राहियों की पेंशन केवाईसी,126 आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कर समस्याओं का समाधान किया गया. श्री हुसैन ने बताया कि वार्ड के नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिले, भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे. शिविर में जीशान हुसैन, शिवम उपाध्याय ,राशिद खान,राहुल रैकवार,शेख साहिल कुरैशी, जैद हुसैन, जुबेर हुसैन, आकाश अहिरवार, प्रियंक पटेल, राहिल खान, फराज खान, फैयाज अहमद, जिया उल हक, रेफाक खान, अरशद पठान, सोहिल पठान, अरबाज खान, सैयद जुबेर अली,जुबेर खान, अरवाज खान आदि मौजूद थे.

समिति में बने सदस्य

सागर. विधायक प्रदीप लारिया के प्रस्ताव पर अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की घोषणा की गई है. जिसमें शेखर चौधरी को अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है.

जानकारी के अनुसार शेखर चौधरी छावनी परिषद् कैंट बोर्ड सागर के पूर्व उपाध्यक्ष रहे है. भाजपा सदर मंडल में महामंत्री के पद पर रह चुके है. नियुक्ति के उपरांत समाज के वरिष्ठ सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए विधायक श्री लारिया और जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त किया है.

भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जीवन युवाओं के लिए आदर्श मार्गदर्शक : सिंह

नवभारत न्यूज

खुरई 30 मई. ग्राम महूना जाट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता करते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि धर्म हमें मर्यादा, कर्म, विनम्रता और मित्रता जैसे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण संस्कार प्रदान करता है.

यही चार आधार व्यक्ति को श्रेष्ठ नागरिक, आदर्श पुत्र, सच्चा मित्र और समाज के प्रति उत्तरदायी इंसान बनाते हैं. उन्होंने कहा कि व्यासपीठ पर विराजमान पंडित नवीन बिहारी जी महाराज अत्यंत सरल भाषा और सहज उदाहरणों के माध्यम से कथा का श्रवण करा रहे हैं, जिससे विशेष रूप से युवा पीढ़ी को धर्म और जीवन मूल्यों को समझने का अवसर मिल रहा है. श्री सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में मर्यादा को सर्वोच्च स्थान दिया. पिता की आज्ञा का सम्मान करते हुए उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया और जीवन भर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया. भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन यह संदेश देता है कि व्यक्तिगत सुख से ऊपर उठकर परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही सच्चे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सदैव आदर्श चरित्रों का सम्मान हुआ है.

समपार फाटक दो दिन रहेगा बंद

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. पश्चिम मध्य रेल द्वारा सागर-बीना हाईवे स्थित जरूवाखेड़ा के समीप समपार फाटक क्रमांक 11 पर सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा.

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेल एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस कार्य के चलते उक्त समपार फाटक 1 जून से 2 जून तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा. वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य) सागर द्वारा थाना प्रभारी जरूवाखेड़ा को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि मरम्मत कार्य के दौरान आवागमन प्रभावित रहेगा. मिली जानकारी के अनुसार इस अवधि में सागर से बीना जाने वाले वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग बांदरी एवं राहतगढ़ मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है.

पेयजल स्त्रोत का उपयोग बिना अनुमति से नहीं किया जाएगा

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल कलेक्टर ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जल प्रदाय सुरक्षित रख कर अबाध रखने हेतु जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त अधिनियम लागू हो जाने से कोई भी व्यक्ति पेयजल स्त्रोत का उपयोग सिंचाई साधन एवं व्यावसायिक उपयोग में बिना अनुमति से नहीं करेगा। जल स्त्रोत हैंडपंप अथवा ट्यूब वैल से 150 मीटर परिधि में अन्य हैंडपंप अथवा ट्यूब वैल का उत्खनन नहीं करेगा। एवं किसी भी निस्तारी तालाब के पानी का उपयोग सिंचाई एवं व्यावसायिक कार्य हेतु नहीं करेगा.कलेक्टर श्रीमती पाल ने बताया कि जिले में इस वर्ष औसत वर्षा होने के कारण ग्रीष्म ऋतु में पेयजल स्त्रोतों की जल आवक क्षमता घटने की संभावना है, जिसके कारण सागर जिले में पेयजल संकट संभावित है.

पेयजल एवं निस्तार हेतु आम जनता को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उपाय किया जाना अति आवश्यक हो गया है. शासकीय विभागों द्वारा खनित नलकूपों को छोड़कर शेष सभी प्रकार के नलकूपों का खनन प्रतिबंधित रहेगा एवं विशेष परिस्थितियों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की लिखित अनुमति के पश्चात ही नलकूप खनन किया जा सकेगा.

इस आदेश के उल्लंघन करने पर वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी. यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

किसान पर हुआ हमला, सिर में लगे छर्रे

नवभारत न्यूज

ललितपुर 30 मई. थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम बेटना में एक किसान पर हुए रहस्यमय हमले से इलाके में सनसनी फैल गई.

घर के बाहर चबूतरे पर सो रहे 55 वर्षीय किसान बृजेंद्र सिंह बुन्देला पुत्र गिरबल सिंह बुन्देला पर अज्ञात हमलावर ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए. परिजनों के अनुसार किसान के सिर में छर्रे लगे हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि चिकित्सकीय परीक्षण में गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है. घटना को लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर गहन जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार ग्राम बेटना निवासी बृजेंद्र सिंह पुत्र गंधर्व सिंह अपने घर के बाहर चबूतरे पर सो रहे थे. इसी दौरान क्षेत्र की बिजली चली गई और चारों ओर अंधेरा छा गया. आरोप है कि इसी मौके का फायदा उठाकर अज्ञात हमलावर ने उन पर फायर कर दिया। घटना में बृजेंद्र सिंह घायल हो गए और उनके सिर पर चोटें आईं. घायल किसान ने शोर मचाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी. परिजनों का कहना है कि उन्होंने एक युवक को मुंह पर कपड़ा बांधे हुए घटनास्थल से भागते देखा. इसके बाद घायल को तत्काल बिरधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज ललितपुर रेफर कर दिया गया. वर्तमान में उनका उपचार जारी है.

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी पाली अजय कुमार तथा थाना नाराहट पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. बृजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी किसी से कोई पुरानी रंजिश या दुश्मनी नहीं है और वह हमलावर को पहचान नहीं सके.

प्रदर्शन आज

सागर. नीट पेपर लीक घोटाले, बेलगाम महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व एवं जिला युवा कांग्रेस सागर के तत्वावधान में मिशाल जुलूस एवं विरोध प्रदर्शन कांग्रेस कार्यालय, तीन बत्ती से राधा तिराहा तक 31 मई रविवार को शाम 6 बजे से होगा.इस जनआंदोलन में समस्त जिला एवं शहर कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लॉक अध्यक्षगण, पार्षदगण, प्रकोष्ठ एवं विभागों के पदाधिकारी शामिल होंगे.

युवक की गला दबाकर हत्या

नवभारत न्यूज

सागर 30 मई. जिले के आगासौद थाना अंतर्गत देहरी क्षेत्र मे एक व्यक्ति की गला दबाकर हत्या करने वाले दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम देहरी स्थित एक बगीचे में एक व्यक्ति के शव की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच प्रारंभ की. पूछताछ में मृतक की पहचान कल्लू चढ़ार निवासी ग्राम देहरी के रूप में हुई. मृतक के परिजनों ने बताया कि घायल अवस्था में उसे उपचार हेतु सिविल अस्पताल बीना ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस द्वारा शव का बारीकी से निरीक्षण करने पर शरीर पर चोटों के गंभीर निशान पाए गए, जांच मे सामने आया कि ग्राम देहरी निवासी कल्लू उर्फ विश्वनाथ ठाकुर एवं मनीष ठाकुर द्वारा मृतक कल्लू चढ़ार के साथ मारपीट की गई तथा बाद में उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई. पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है. प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है.